शिक्षा का अधिकार
सर्व शिक्षा अभियान
सब पढ़ें सब बढ़ें

# राज्य शिक्षा केन्द्र

पुस्तक भवन, बी-विंग, अरेरा हिल्स, भोपाल—462 011
दूरभाष : (0755) 2768390, 91, 92, 94, 95 फैक्स : 2552363, 2760561

क्र. / रा.शि.के. / मूल्यांकन / 2020 / 8331 भोपाल, दिनांक 18/12/2020

**महत्वपूर्ण : समय–सीमा**

**प्रति,**

**कलेक्टर,**
**समस्त जिले मध्यप्रदेश।**

**विषय— शासकीय शालाओं में कक्षा—1 से 8 में अर्द्धवार्षिक मूल्यांकन (प्रतिभा पर्व) व वार्षिक मूल्यांकन वर्ष 2020—21 विषयक।**

**संदर्भ—** राज्य शिक्षा केन्द्र का पत्र क्र.6449 दिनांक 20.10.20.

शासन आदेश क्र. / एफ 44—37 / 2010 / 20—2 निःशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009 की धारा 29 की उपधारा (1) के तहत अधिकृत म.प्र. राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद ईकाई के प्रस्ताव पर राज्य शासन से प्राप्त प्रशासकीय अनुमोदन के आधार पर **शिक्षा सत्र 2020—21 हेतु शासकीय शालाओं में अर्द्धवार्षिक मूल्यांकन (प्रतिभा पर्व) एवं वार्षिक मूल्यांकन संबंधी प्रशासकीय निर्देश निम्नानुसार जारी किए जाते हैं—**

उक्त विषयांतर्गत कोविड—19 संक्रमण के परिप्रेक्ष्य में **शासकीय शालाओं में कक्षा—1 से 8 में अर्द्धवार्षिक व वार्षिक मूल्यांकन वर्ष 2020—21 सम्पादित करने हेतु प्रशासकीय निर्देश** निम्नानुसार रहेंगे—

1. शिक्षा **सत्र 2020—21 में प्रदेश में कोविड—19 वाइरस की परिस्थितियों में सीखने—सिखाने की प्रक्रियाएं** नवीन विधा / स्वरूप में यथा— रेडियो लेसन, हमारा घर—हमारा विद्यालय, डिजिलेप माध्यम से भेजी गई अधिगम सामग्री आदि माध्यमों से आयोजित की गई है।**मूल्यांकन का स्वरूप— अर्द्धवार्षिक मूल्यांकन (प्रतिभा पर्व)** व **वार्षिक मूल्यांकन** आकलन वर्कशीट आधारित (होम बेस्ड एसाइनमेंट के रूप में) द्वारा किया जाए। बच्चे को एक वर्कशीट पर कार्य पूर्ण कर जमा करने हेतु 10—15 दिवस का समय दिया जाए।
2. **कक्षा—1 व 2 में मूल्यांकन वर्कशीट— कक्षा—1,2 के बच्चों हेतु** शालाओं को उपलब्ध कराई जा रही **'अभ्यास पुस्तिका के अंत में सलग्न आकलन वर्कशीट (विषय—हिन्दी, अंग्रेजी, गणित)** के आधार पर मूल्यांकन किया जाएगा। इन्हीं आकलन वर्कशीट के आधार पर सभी माध्यम के बच्चों का मूल्यांकन किया जाएगा। कक्षा—1,2 हेतु आकलन वर्कशीट मराठी विशिष्ट व उर्दू विशिष्ट विषय हेतु राज्य स्तर से जिलों को उपलब्ध कराई जाएंगी।
3. **कक्षा—3 से 8 में आकलन वर्कशीट का स्वरूप—**

   • वर्कशीट में विषय आधारित **कौशल आधारित प्रश्न (खण्ड—अ)** एवं **प्रोजेक्ट वर्क (खण्ड—ब)** शामिल रहेंगे। **खण्ड—अ में 5—6 प्रश्न** एवं **खण्ड—ब में 1—1 प्रश्न** होगा। वर्कशीट में ही प्रश्नों के उत्तर व प्रोजेक्ट वर्क लिखने हेतु स्थान दिया रहेगा। वर्कशीट में प्रश्न / प्रोजेक्ट के नीचे दिए स्थान में ही विद्यार्थी द्वारा उत्तर घर पर रहकर लिखे जाएंगे। वर्कशीट में 60 प्रतिशत लिखित एवं 40 प्रतिशत प्रोजेक्ट कार्य हेतु अधिभार निर्धारित रहेगा। प्रोजेक्ट वर्क अंतर्गत इस प्रकार के प्रश्न रखे गए हैं, जिसमें बच्चे जानकारी अवलोकन के आधार पर पता लगाएंगे, विश्लेषण करेंगे, निष्कर्ष निकालेंगे और अपनी टिप्पणी लिखेंगे। **प्रोजेक्ट वर्क से आशय यह नहीं कि बच्चे से कोई मॉडल बनवाया जाए। ये प्रोजेक्ट ऐसे होंगे, जो कि पूर्णतः घर में उपलब्ध रोजमर्रा की सामग्री के आधार पर या घर के सदस्यों से जानकारी एकत्र कर पूर्ण किए जा सकेंगे।**

(डॉ. पी.एस. तोमर)
उप संचालक
राज्य शिक्षा केन्द्र, भोपाल

**4. वर्कशीट को बच्चे द्वारा पूर्ण करने की प्रक्रिया एवं शिक्षकों द्वारा मॉनीटरिंग–**

- वर्कशीट बच्चे को देते समय वर्कशीट को पूर्ण करने की प्रक्रिया कक्षाशिक्षक द्वारा समझाई जाए। एक वर्कशीट को धर पर रहकर पूर्ण करने हेतु बच्चे को लगभग 10 से 15 दिवस का समय दिया जाएगा। वर्कशीट को बच्चे द्वारा घर पर रहकर अपनी पाठ्यपुस्तक, बड़े भाई–बहिन की मदद लेकर, अपने माता–पिता, दादा–दादी या आसपास उपलब्ध अन्य बुजुर्गों से आवश्यकतानुसार चर्चा कर पूर्ण किया जा सकेगा।
- शिक्षकों द्वारा अपनी कक्षा के बच्चों के सतत सम्पर्क में रहकर (फोन/व्यक्तिगत सम्पर्क द्वारा) होम बेस्ड मूल्यांकन प्रक्रिया की सतत मॉनीटरिंग की जाएगी, ताकि शत–प्रतिशत बच्चों द्वारा वर्कशीट समुचित रूप से पूर्ण की जा सकें। जनशिक्षक तथा बीएसी के द्वारा बच्चों के एवं शिक्षकों से सम्पर्क कर अपने प्रभार की शालाओं में इस प्रक्रिया की सतत मॉनीटरिंग की जाकर निर्धारित समय–सीमा में पूर्ण कराया जावेगा। प्रत्येक माह की समीक्षा बैठकों में इसे एजेण्डा में रखा जाए।

**5. कक्षा–1 से 8 में अर्द्धवार्षिक व वार्षिक मूल्यांकन की संरचना–**

| मूल्यांकन का प्रकार | मूल्यांकन का माह (अवधि) | पूर्णांक प्रति विषय | प्रति विषय वर्कशीट संख्या |
|---|---|---|---|
| **अर्द्धवार्षिक मूल्यांकन (प्रतिभा पर्व)** | **1.जनवरी** (20–30 जनवरी, 2021) | **20** अंक प्रति विषय | एक वर्कशीट (जनवरी माह) |
| **वार्षिक मूल्यांकन** | **2.फरवरी** (15– 28 फरवरी, 2021)<br>**3.मार्च** (10–20 मार्च, 2021) | **50** अंक प्रति विषय | दो वर्कशीट (फरवरी व मार्च माह) |

**6. परीक्षाफल का निर्धारण, कक्षोन्नति व प्रगति पत्रक में ग्रेड भरना–**

- परीक्षाफल का निर्धारण अर्द्धवार्षिक मूल्यांकन व वार्षिक मूल्यांकन के अध्ययनरत विषयों में प्राप्तांकों के आधार पर किया जाएगा।
- प्रगति पत्रक में अर्द्धवार्षिक व वार्षिक परीक्षा के प्राप्तांकों के आधार पर ग्रेड तथा हमारा घर हमारा विद्यालय अंतर्गत सीखने–सिखाने की प्रक्रिया के दौरान बच्चों से निरंतर शिक्षकों द्वारा सम्पर्क किया गया है, इसके दौरान बच्चे के कार्य व्यवहार के आधार पर **सह–शैक्षिक व व्यक्तिगत सामाजिक गुणों** पर शिक्षक द्वारा रिजल्ट शीट व प्रगति पत्रक में सीधे ग्रेड प्रदान किए जाएं।

**7. वर्कशीट व अन्य मूल्यांकन सामग्री का मुद्रण–** शासकीय शालाओं हेतु वर्कशीट का मुद्रण–**वितरण** शालावार–विषयवार वास्तविक दर्ज संख्या के मान से जिला परियोजना समन्वयक द्वारा निर्देशानुसार मुद्रण व शालाओं को वितरण संदर्भित पत्र अनुसार भण्डार क्रय नियमों का पालन करते हुए समय–सीमा में कराया जाए। जिले स्तर से मुद्रण होने वाली वर्कशीट का सूची संलग्न है। **मूल्यांकन संबंधी सामग्री मुद्रण विवरण व गणना का आधार** निम्नानुसार रहेगा–

| क्र. | सामग्री का विवरण | गणना का आधार |
|---|---|---|
| 1. | **वर्कशीट मुख्यविषय हिन्दी माध्यम माह–जनवरी, फरवरी, मार्च (कक्षा–3 से 8)** | वास्तविक दर्ज संख्या (प्रति विद्यार्थी एक प्रति–प्रति) (प्रति माह प्रति विषय के मान से) |
| | *अल्पभाषा/अल्पविषय (मराठी, उर्दू, अंग्रेजी माध्यम) वर्कशीट कक्षा–1से 8 | जिले की शालाओं में कक्षावार *अल्पभाषा–अल्पविषय के अध्ययनरत विद्यार्थी संख्या के मान से आवश्यकतानुसार |
| 2. | प्रतिभा पर्व हेतु–<br>• शैक्षिक मूल्यांकन प्रपत्र–1 | प्रति कक्षा एक प्रति |
| 3. | • शैक्षिक मूल्यांकन प्रपत्र–2 | प्रति शाला दो प्रति |

विशेष नोट–, *जिनकी सॉफ्टकापी राज्य स्तर से प्रदाय की गई है, उनका मुद्रण कराया जाए।

(के.पी.एस. तोमर)
उप संचालक
राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल

8. **वर्कशीट की विभिन्न स्तर पर उपलब्धता व जमा करना–**

- **राज्य स्तर से जिले को मुद्रण हेतु वर्कशीट सॉफ्टकापी की उपलब्धता–** वर्कशीट मुद्रण हेतु वर्कशीट की सॉफ्टकापी (पीडीएफ फाइल में) संलग्न सूची अनुसार राज्य स्तर से जिलों को डीपीसी कार्यालय के प्रोग्रामर के ईमेल पर दिसम्बर माह के अंत तक उपलब्ध कराई जाएगी।
- **जिले स्तर से मुद्रित वर्कशीट व अन्य मूल्यांकन सामग्री का शालाओं को वितरण–** जिले स्तर से शालाओं को वास्तविक दर्ज संख्या के मान से मुद्रित वर्कशीट के कक्षावार–विषयवार बंडलएवं अन्य मूल्यांकन सामग्री बीआरसी, जनशिक्षक के माध्यम से शालाओं को **15 जनवरी, 2021 के पूर्व समस्त सामग्री एक साथ** अनिवार्यतः उपलब्ध कराई जाए।
- **मुद्रित वर्कशीट का बच्चों को वितरण व जमा कराना–** कक्षाशिक्षक द्वारा अपनी कक्षा के प्रत्येक बच्चे को नियत माहवार–विषयवार मुद्रित वर्कशीट की हार्डकापी शाला स्तर से प्रदाय की जाएगी। वर्कशीट पूर्णकर बच्चे द्वारा अपने कक्षाशिक्षक के पास जमा कराया जाएगा।
- **वर्कशीट को बच्चों को वितरण के समय यह ध्यान रखा जाए** कि बच्चे को समस्त वर्कशीट एक साथ प्रदान की जाएं, परंतु उन्हें पूर्ण करने का कार्य नियत मूल्यांकन अवधि में क्रमशः जनवरी, फरवरी व मार्च माह की वर्कशीट पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया जाए। उसके बाद बच्चों द्वारा पूर्ण की हुई वर्कशीट जमा करने हेतु क्रमशः जनवरी फरवरी व मार्च माह की पूर्ण की गई वर्कशीट जमा की जाए। **बार–बार जाने–आने को सीमित करने की दृष्टि से स्थानीय परिस्थितियों के अनुरूप शाला प्रधानानाध्यापक द्वारा इस प्रकार व्यवस्था की जाए** कि कोविड संक्रमण की स्थिति न बने। इस कार्य हेतु कक्षाशिक्षक–विषयशिक्षक की जिम्मेदारी तय की जाए। **किसी भी स्थिति में पूर्ण वर्कशीट प्राप्त करने एवं पूर्ण की गई वर्कशीट जमा करने हेतु बच्चे को शाला में न बुलाया जाए।**

9. **कक्षोन्नति व प्रगति पत्रक का वितरण–** शाला में कक्षावार दर्ज समस्त बच्चों को उपर्युक्तानुसार मूल्यांकन प्रक्रियाओं के आधार पर वर्कशीट आधारित मूल्यांकन में प्राप्त विषयवार अर्द्धवार्षिक व वार्षिक मूल्यांकन के प्राप्तांकों को जाड़कर वार्षिक परिणाम घोषित किया जाए और बच्चों को कक्षोन्नति प्रदान की जाए। प्रगति पत्रक में ग्रेड अंकित किए जाकर 31 मार्च, 2021 तक परिणाम की घोषणा कर समस्त बच्चों को प्रगति पत्रक का अनिवार्यतः वितरण किया जाए।
10. **एजुकेशन पोर्टल पर प्रतिभा पर्व एवं वार्षिक परिणामों की डाटा एण्ट्री कराना–** प्रतिवर्ष अनुसार प्रतिभा पर्व व वार्षिक परिणाम पोर्टल मॉड्यूल पर शालावार–कक्षावार–विषयवार–ग्रेडवार विद्यार्थी संख्या की प्रविष्टि बीआरसी स्तर से कराई जाए।
11. **बजट प्रावधान–** शासकीय शालाओं हेतु मूल्यांकन सामग्री मुद्रण (संदर्भित पत्र अनुसार) एवं प्रगति पत्रक, रिजल्ट शीट, पूर्णता प्रमाण पत्र आदि की व्यवस्था हेतु (विगतवर्ष अनुसार) राशि डीपीसी को राज्य शिक्षा केन्द्र से शीघ्र जारी की जा रही है।
12. **कोविड संक्रमण सुरक्षा मापदण्डों का पालन– उक्त मूल्यांकन प्रक्रियाओं को करते समय कोविड–19 संक्रमण से बचाव के नियत सुरक्षा मापदण्डों का पालन सुनिश्चित किया जाए।**

उक्त संबंध में प्रेस रिलीज जारी करते हुए **संलग्न गतिविधि केलेण्डर** अनुसार आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जाए।

**संलग्न– उपर्युक्तानुसार।**

**(लोकेश कुमार जाटव)**
**आयुक्त**
**राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल**

पृ.क्र./रा.शि.के./मूल्यांकन/2020/ 8332 भोपाल, दिनांक 18/12/2020

प्रतिलिपिः–

1. निज सचिव, माननीय मंत्री, म.प्र. शासन, स्कूल शिक्षा विभाग, भोपाल।
2. प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, स्कूल शिक्षा विभाग, वल्लभ भवन, भोपाल।
3. प्रमुख सचिव, म.प्र. शासन, आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति कल्याण, भोपाल मध्यप्रदेश।
4. आयुक्त, लोक शिक्षण संचालनालय, गौतम नगर, भोपाल मध्यप्रदेश।
5. आयुक्त, आदिवासी विकास, सतपुड़ा भवन, भोपाल।
6. आयुक्त, जनसंपर्क, मध्यप्रदेश, भोपाल।
7. सचिव, माध्यमिक शिक्षा मण्डल, मध्यप्रदेश।
8. कलेक्टर, समस्त जिले (म.प्र.)
9. मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत, समस्त जिले मध्यप्रदेश।
10. संयुक्त संचालक, लोक शिक्षण, समस्त संभाग, मध्यप्रदेश।
11. जिला शिक्षा अधिकारी/सहायक आयुक्त, समस्त म.प्र.।
12. प्राचार्य, डाइट, समस्त म.प्र.।
13. जिला परियोजना समन्वयक, समस्त म.प्र.।
14. म.प्र. एजुकेशन पोर्टल पर अपलोड करने हेतु।

उक्त की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु।

आयुक्त
राज्य शिक्षा केन्द्र, भोपाल

## अर्द्धवार्षिक मूल्यांकन (प्रतिभा पर्व) एवं वार्षिक मूल्यांकन वर्ष 2020–21

### गतिविधि केलेण्डर

| क्र. | गतिविधि विवरण | समय–सीमा/अवधि | जिम्मेदारी |
|---|---|---|---|
| 1. | मूल्यांकन सामग्री मुद्रण संबंधी औपचारिकताएं निविदा आदि पूर्ण करने हेतु जिलों को आवश्यक तैयारी/निविदा आदि कार्रवाही हेतु निर्देश जारी करना। | 20.10.2020 | राज्य शिक्षा केन्द्र (पूर्ण संदर्भित पत्र द्वारा निर्देश जारी) |
| 2. | शासकीय शालाओं हेतु अर्द्धवार्षिक मूल्यांकन (प्रतिभा पर्व) एवं वार्षिक मूल्यांकन हेतु निर्देश जारी करना। | 18.12.2020 | राज्य शिक्षा केन्द्र |
| 3. | वर्कशीट (कक्षा–3 से 8, माह–जनवरी, फरवरी, मार्च) मुख्यविषय हिन्दी माध्यम की वर्कशीट की सॉफ्टकापी जिलों को प्रेषित करना। | 31.12.2020 | राज्य शिक्षा केन्द्र |
| 4. | वर्कशीट (कक्षा–1 से 8, माह–जनवरी, फरवरी, मार्च) अल्पभाषा/अल्पविषय उर्दू, मराठी, अंग्रेजी माध्यम की वर्कशीट की सॉफ्टकापी जिलों को प्रेषित करना। | 5.1.2021 | राज्य शिक्षा केन्द्र |
| 5. | वर्कशीट व अन्य मूल्यांकन सामग्री का मुद्रण व शालाओं को वितरण कराना। | 15.1.2021 के पहले | जिला शिक्षा केन्द्र (डीपीसी) |
| 6. | वर्कशीट बच्चों को वितरण कराना व<br>वर्कशीट पूर्ण करने की प्रक्रिया बच्चों को समझाना।<br>वर्कशीट पूर्ण करने की प्रक्रिया की सतत मॉनीटरिंग करना। | 15–19 जनवरी, 2021 | डीपीसी, बीआरसी, बीएसी, जनशिक्षक, शाला प्रधानाध्यापक, कक्षाशिक्षक, विषयशिक्षक |
| 7. | बच्चों द्वारा वर्कशीट माह–जनवरी, फरवरी व मार्च को एक–एक करके क्रमशः घर पर रहकर पूर्ण करना। | वर्कशीट माह–जनवरी<br>20–30 जनवरी, 2021<br>वर्कशीट माह–फरवरी<br>15–28 फरवरी, 2021<br>वर्कशीट माह–मार्च<br>10–20 मार्च, 2021 | शाला में अध्ययनरत विद्यार्थी |
| 8. | जनवरी, फरवरी, मार्च माह की पूर्ण की गई वर्कशीट एक साथ शाला के कक्षाशिक्षक को जमा कराना। कक्षाशिक्षक द्वारा विद्यार्थी से एक बार में एक साथ समस्त वर्कशीट स्थानीय परिस्थितियों के अनुरूप नियत प्रक्रिया से बच्चों से जमा कराना। | 22 मार्च, 2021 | शाला प्रधानाध्यापक, कक्षाशिक्षक, विषयशिक्षक |
| 9. | विद्यार्थियों द्वारा पूर्ण कर जमा की गई वर्कशीट की जांच करना व प्राप्तांक–ग्रेड अंकित कर हस्ताक्षर करना। | 25 मार्च, 2021 | शाला प्रधानाध्यापक, कक्षाशिक्षक, विषयशिक्षक |
| 10. | रिजल्टशीट व प्रगति पत्रक भरना। | 25–30 मार्च, 2021 | शाला प्रधानाध्यापक, कक्षाशिक्षक, विषयशिक्षक |
| 11. | कक्षोन्नति हेतु मूल्यांकन परिणाम की घोषणा करना व प्रगति पत्रक विद्यार्थियों को वितरित करना। | 31 मार्च, 2021 | शाला प्रधानाध्यापक, कक्षाशिक्षक, विषयशिक्षक |
| 12. | प्रतिभा पर्व एवं वार्षिक परिणाम डाटा एण्ट्री पोर्टल मॉड्यूल एजुकेशन पोर्टल पर प्रारंभ कराना। | 15 मार्च, 2021 | राज्य शिक्षा |
| 13. | प्रतिभा पर्व परिणाम पोर्टल मॉड्यूल पर शालावार–कक्षावार–विषयवार–ग्रेडवार विद्यार्थी संख्या की प्रविष्टि बीआरसी स्तर पर कराना। | 15 फर.–15 मार्च, 2021 | डीपीसी, बीआरसी |
| 14. | वार्षिक परिणाम पोर्टल मॉड्यूल पर शालावार–कक्षावार–विषयवार–ग्रेडवार विद्यार्थी संख्या की प्रविष्टि बीआरसी स्तर पर कराना। | 30 अप्रैल, 2021 | डीपीसी, बीआरसी |

(के.पी.एस. तोमर)
उप संचालक
राज्य शिक्षा केन्द्र, भोपाल

## राज्य स्तर से डीपीसी को उपलब्ध कराई जाने वाली वर्कशीट की सूची
### (जिनका जिले स्तर से मुद्रण कराया जाना है)

| क्र. | कक्षा | मुख्य विषय हिन्दी माध्यम | वर्कशीट माह (जनवरी, फरवरी, मार्च) | कुल कक्षाएं | कुल वर्कशीट संख्या |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | कुल | 90 |
| 1 | 3-8 | हिन्दी विशिष्ट | 3 | 6 | 18 |
| 2 | 3-8 | अंग्रेजी सामान्य | 3 | 6 | 18 |
| 3 | 3-8 | गणित | 3 | 6 | 18 |
| 4 | 3-5 | पर्यावरण अध्ययन | 3 | 3 | 9 |
| 5 | 6-8 | संस्कृत | 3 | 3 | 9 |
| 6 | 6-8 | विज्ञान | 3 | 3 | 9 |
| 7 | 6-8 | सामाजिक विज्ञान | 3 | 3 | 9 |
| | | | | | 0 |
| क्र. | कक्षा | अल्पभाषा अल्पविषय अंग्रेजी माध्यम | | कुल | 90 |
| 1 | 3-8 | अंग्रेजी विशिष्ट | 3 | 6 | 18 |
| 2 | 3-8 | हिन्दी सामान्य* | 3 | 6 | 18 |
| 3 | 3-8 | गणित | 3 | 6 | 18 |
| 4 | 3-5 | पर्यावरण अध्ययन | 3 | 3 | 9 |
| 5 | 6-8 | संस्कृत | 3 | 3 | 9 |
| 6 | 6-8 | विज्ञान | 3 | 3 | 9 |
| 7 | 6-8 | सामाजिक विज्ञान | 3 | 3 | 9 |
| | | | | | |
| क्र. | कक्षा | अल्पभाषा अल्पविषय उर्दू माध्यम | | कुल | 84 |
| 1 | 1-8 | उर्दू विशिष्ट | 3 | 7 | 21 |
| 2 | 3-8 | उर्दू सामान्य | 3 | 6 | 18 |
| 3 | 3-8 | गणित | 3 | 6 | 18 |
| 4 | 3-5 | पर्यावरण अध्ययन | 3 | 3 | 9 |
| 6 | 6-8 | विज्ञान | 3 | 3 | 9 |
| 7 | 6-8 | सामाजिक विज्ञान | 3 | 3 | 9 |
| | | | | | |
| क्र. | कक्षा | अल्पभाषा अल्पविषय मराठी माध्यम | | कुल | 75 |
| 1 | 1-8 | मराठी विशिष्ट | 3 | 7 | 21 |
| 2 | 6-8 | मराठी सामान्य | 3 | 3 | 9 |
| 3 | 3-8 | गणित | 3 | 6 | 18 |
| 4 | 3-5 | पर्यावरण अध्ययन | 3 | 3 | 9 |
| 6 | 6-8 | विज्ञान | 3 | 3 | 9 |
| 7 | 6-8 | सामाजिक विज्ञान | 3 | 3 | 9 |
| | | महायोग | | | 339 |

नोट—उक्त तालिका में *हिन्दी सामान्य कक्षा–3–8 की वर्कशीट को एक बार अंकित किया है, लेकिन विदित रहे कि समस्त माध्यमों के लिए इसी वर्कशीट का आवश्यकतानुसार उपयोग किया जाएगा। उर्दू विशिष्ट व मराठी विशिष्ट की वर्कशीट कक्षा–1,2 हेतु एक ही रहेगी।

(के.पी.एस. तोमर)
उप संचालक
राज्य शिक्षा केन्द्र, भोपाल